**तत्काल प्रकाशन हेतु**

**प्रेस विज्ञप्ति सं.122 /2026**

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग प्लेटफॉर्म लॉन्च किया**

**नई दिल्ली, 25 सितंबर, 2026:** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने आज डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग (डीसीआर) प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। यह एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसमें उपभोक्ता संपत्तियों की डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग देख सकेंगे। यह प्लेटफॉर्म संपत्तियों की डिजिटल कनेक्टिविटी की रेटिंग से जुड़ी पूरी प्रक्रिया को भी आसान बनाएगा। इसके साथ डिजिटल कनेक्टिविटी की जांच के लिए एक मोबाइल ऐप भी उपलब्ध कराया गया है।

डीसीआर प्लेटफॉर्म भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग) विनियम, 2024 के तहत निर्धारित फ्रेमवर्क को लागू करने में सहायता करेगा। इन विनियमों में 13 मई 2026 को अधिसूचित डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग (संशोधन) विनियम, 2026 के माध्यम से संशोधन किया गया था। यह प्लेटफॉर्म भादूविप्रा द्वारा 9 जून 2026 को जारी रेटिंग मैनुअल 2026 में निर्धारित रेटिंग प्रक्रिया को भी लागू करने में सहायता करेगा।

यह प्लेटफॉर्म उपभोक्ताओं को डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए रेटिंग प्राप्त संपत्तियों को देखने हेतु एक पब्लिक इंटरफेस प्रदान करता है। यह प्रॉपर्टी मैनेजर (पीएम), पंजीकृत डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग एजेंसी (डीसीआरए) और उपभोक्ताओं को एक साझा डिजिटल इंटरफेस पर लाता है। प्रॉपर्टी मैनेजर इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी संपत्तियों को सार्वजनिक, सरकारी, वाणिज्यिक, निजी आदि श्रेणियों में पंजीकृत कर सकते हैं, रेटिंग के लिए आवेदन जमा कर सकते हैं, निर्धारित जानकारी और दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं, किसी पंजीकृत डीसीआरए का चयन कर सकते हैं और अपने आवेदन की स्थिति देख सकते हैं। यह प्लेटफॉर्म निर्मित और निर्माणाधीन- दोनों प्रकार की संपत्तियों के लिए निर्धारित मूल्यांकन प्रक्रिया को पूरा करने की सुविधा प्रदान करता है। पंजीकृत डीसीआरए उन्हें सौंपे गए आवेदनों को देख सकते हैं, उन्हे मूल्यांकित कर सकते हैं, अवलोकन और टेस्ट के परिणाम दर्ज कर सकते हैं, संबंधित दस्तावेजों का प्रबंधन कर सकते हैं और निर्धारित फ्रेमवर्क के अनुसार रेटिंग प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। यह प्लेटफॉर्म मूल्यांकन, रिपोर्ट तैयार करने, प्रमाणन और रेटिंग प्रकाशित करने से जुड़ी पूरी प्रक्रिया को डिजिटल रूप से पूरा करने की सुविधा प्रदान करता है। उपभोक्ता और अन्य हितधारक रेटिंग प्राप्त संपत्तियों को खोज सकेंगे, प्रकाशित रेटिंग देख सकेंगे, संबंधित प्रमाणपत्रों की पुष्टि कर सकेंगे और अपनी पसंद की संपत्तियों की तुलना कर सकेंगे।

फील्ड असेसमेंट के लिए एक विशेष डीसीआरए मोबाइल ऐप की सुविधा उपलब्ध होगी। यह ऐप अधिकृत डीसीआरए को निर्धारित टेस्टिंग पद्धति के अनुसार इमारतों के अंदर डिजिटल कनेक्टिविटी का मापन करने में सक्षम बनाएगा। वेब पोर्टल के माध्यम से प्राप्त संपत्ति की जानकारी और मोबाइल ऐप के माध्यम से एकत्र किए गए असेसमेंट डेटा को प्लेटफॉर्म पर सिंक्रोनाइज़ किया जाएगा। दस्तावेजों और प्रमाणपत्रों पर डिजिटल हस्ताक्षर करने और उनका सत्यापन करने के लिए प्लेटफॉर्म में ई-साइन की सुविधा भी शामिल है। इसके अलावा, यह लागू रेटिंग शुल्क के ऑनलाइन भुगतान, ईमेल और एसएमएस अलर्ट तथा संपत्ति के रिकॉर्ड, टेस्ट के परिणाम, प्रमाणपत्र और ऑडिट लॉग को सुरक्षित रूप से स्टोर करने की सुविधा भी प्रदान करता है।

उपभोक्ताओं के लिए प्लेटफॉर्म पर एक पब्लिक रेटिंग सर्च पेज उपलब्ध है। उपभोक्ता संपत्ति के नाम, प्रमाणपत्र आईडी या स्थान के आधार पर रेटिंग प्राप्त संपत्ति को खोज सकते हैं। वे संपत्ति का डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित रेटिंग प्रमाणपत्र देख सकते हैं और प्रमाणपत्र पर दिए गए क्यूआर कोड के माध्यम से उसकी प्रामाणिकता की पुष्टि कर सकते हैं। इससे डिजिटल कनेक्टिविटी, रेटिंग प्राप्त संपत्ति की एक ऐसी विशेषता बन जाएगी जिसे देखा और सत्यापित किया जा सकेगा तथा उपभोक्ताओं को कनेक्टिविटी से जुड़ी जानकारी मिल सकेगी। इस जानकारी के आधार पर उपभोक्ता अपनी पसंद की संपत्ति की अंतिम खरीद या उसे लीज पर लेने का निर्णय करने से पहले सोच-समझकर कर सकेंगे।

इस अवसर पर **भादूविप्रा के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार लाहोटी** ने कहा, "डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग प्लेटफॉर्म संपत्तियों की डिजिटल कनेक्टिविटी संबंधी तैयारी का आकलन करने के लिए एक पारदर्शी और मानकीकृत फ्रेमवर्क उपलब्ध कराता है। रेटिंग को सार्वजनिक रूप से खोजने और प्रमाणपत्रों का सत्यापन करने की सुविधा देकर यह प्लेटफॉर्म उपभोक्ताओं को विश्वसनीय और तुलनात्मक जानकारी प्रदान करेगा। इससे उपभोक्ताओं को मजबूत और भरोसेमंद कनेक्टिविटी वाले घरों और कार्यालयों का चयन सोच-समझकर करने में मदद मिलेगी, जिससे बेहतर कॉलिंग, डाउनलोड और ऑनलाइन सेवाओं तक सुगम पहुंच सुनिश्चित होगी। यह उपभोक्ताओं को किसी संपत्ति में उपलब्ध डिजिटल कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर के महत्व को समझने में भी सक्षम बनाएगा और साथ ही प्रॉपर्टी मैनेजरों को संपत्ति के विकास के उचित चरण में ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर की योजना बनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।"

**डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग (डीसीआर) फ्रेमवर्क के बारे में**

डीसीआर फ्रेमवर्क संपत्तियों के भीतर डिजिटल कनेक्टिविटी का आकलन करने के लिए एक मानकीकृत पद्धति प्रदान करता है। इस आकलन में फाइबर रेडीनेस, मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता, इन-बिल्डिंग सॉल्यूशंस और वाई-फाई इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित निर्धारित मापदंडों को शामिल किया जाता है। इसके लिए संपत्तियों की विभिन्न श्रेणियों के अनुसार लागू बेंचमार्क निर्धारित किए गए हैं।

इस फ्रेमवर्क का उद्देश्य संपत्ति के विकास के उचित चरणों में डिजिटल कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित करना तथा मौजूदा संपत्तियों में इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के प्रदर्शन के आकलन को सुगम बनाना है। डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग (डीसीआर) प्लेटफॉर्म को यहां एक्सेस किया जा सकता है: https://dcrp.trai.gov.in

अतिरिक्त जानकारी या प्रश्नों के लिए कृपया सुश्री अर्चना अहलावत, सलाहकार (आईटी) से advisorit@trai.gov.in पर संपर्क करें।

25.03.2026

**(हरिन्द्र कुमार)**
**सचिव, भादूविप्रा**

भादूविप्रा के बारे में

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) एक स्वतंत्र सांविधिक निकाय है, जिसकी स्थापना भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के तहत की गई है। भादूविप्रा पारदर्शी विनियमन, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा, उपभोक्ता संरक्षण और दूरसंचार इकोसिस्टम के सुव्यवस्थित विकास को बढ़ावा देने के लिए दूरसंचार, प्रसारण और केबल टेलीविजन क्षेत्रों को विनियमित करता है।

आधिकारिक अपडेट के लिए भादूविप्रा को निम्नलिखित प्लेटफॉर्म पर फॉलो करें:

वेबसाइट: www.trai.gov.in

एक्स (पूर्व में ट्विटर) – @TRAI     फेसबुक – @TRAI

इंस्टाग्राम – @trai.official_     लिंक्डइन – @trai-official

यूट्यूब – @TelecomRegulatoryAuthorityofIndia